| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नई दुनिया | इंदौर | 03.07.2023 | 03 | चालक रहित मेट्रो मे यात्रियों की सुरक्षा के लिए होगी, रोगाणु नियंत्रण प्रणाली | Neutral |



नईदुनिया | 03
इंदौर, सोमवार 03 जुलाई, 2023

# चालक रहित मेट्रो में यात्रियों की सुरक्षा के लिए होगी 'रोगाणु नियंत्रण प्रणाली'

उदय प्रताप सिंह • इंदौर

इंदौर में चलने वाली मेट्रो में यदि आप सफर करते हैं तो आपकी सेहत का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इसमें ऐसी प्रणाली होगी जो संक्रमण से बचाएगी। सितंबर में मेट्रो का ट्रायल रन होना है। इसके लिए अगस्त के मध्य तक मेट्रो के तीन-तीन डिब्बों के दो सेट इंदौर आने की संभावना है। इन कोच का निर्माण बड़ोदरा के सावली में फ्रांस की अलस्टाम कंपनी कर रही है।

इंदौर में चलने वाली मेट्रो को ग्रेड आफ आटोमेशन-4 तकनीक से डिजाइन किया गया है, इसलिए यह मेट्रो चालक रहित (ड्राइवरलेस) होगी, लेकिन शुरुआत के कुछ दिन इसमें चालक को भी बैठाया जाएगा। उसके बाद स्वचलित संचालन होगा। मेट्रो स्वतः ही स्टेशन पर रुकेगी और निर्धारित अंतराल बाद आगे बढ़ेगी। अभी दिल्ली सहित कुछ शहरों में इस तरह संचालन हो रहा है। ग्रेड आफ आटोमेशन-2 तकनीक से संचालित होने वाली मेट्रो में चालक रहता है। इसके अलावा मेट्रो में वातानुकूलित माहौल तो मिलेगा ही, इसमें लगाए जाने वाले एयरकंडीशनर में रोगाणु नियंत्रण प्रणाली (जर्म कंट्रोल सिस्टम) भी होगी। कोविड के बाद मेट्रो में इस फीचर को जोड़ा गया है।

**प्लेटफार्म स्क्रीन डोर खुलने पर मेट्रो में चढ़ पाएंगे यात्री** : मेट्रो ट्रेन में एलईडी डिस्प्ले बोर्ड रहेंगे, जिन पर स्टेशन के नाम होंगे। अनाउंसमेंट सिस्टम भी होगा। इमरजेंसी बटन के माध्यम से यात्री चालक या कंट्रोल रूम से सीधे बात कर पाएंगे। मेट्रो में एलईडी लाइटिंग इस तरह लगाई जाएगी कि दिन में कम रोशनी होगी। वहीं रात के समय पूरी एलईडी चालू होगी। इससे विद्युत की बचत भी होगी।



नईदुनिया सबसे पहले : इंदौर मे चलने वाली मेट्रो ट्रेन इस तरह दिखाई देगी। • सौ. मेट्रो प्रबंधन

**प्रकाश व्यवस्था बेहतर होगी** : मेट्रो के अंडरग्राउंड टनल में चलने पर भी बेहतर प्रकाश व्यवस्था होगी। मेट्रो स्टेशन पर प्लेटफार्म स्क्रीन डोर सिस्टम होगा। इसके खुलने पर यात्री मेट्रो में चढ़ पाएंगे।

" इंदौर में अगस्त के मध्य या अंत तक मेट्रो के डिब्बों के पार्ट्स पहुंचेंगे। 10 से 15 दिन में उन्हें असेंबल किया जाएगा। इंदौर में चालक रहित मेट्रो का संचालन किया जाएगा। इसमें इमरजेंसी बटन के माध्यम से यात्री कंट्रोल रूम से बात कर सकेंगे। मेट्रो स्टेशन को इस तरह डिजाइन करेंगे, जिसमें लोकल सीनरी या पेंटिंग भी लगाई जाए।

– शोभित टंडन
डायरेक्टर सिस्टम, मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि.

### एक डिब्बे में 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था

इंदौर में मेट्रो के 25 सेट ट्रेन का संचालन होना है, जबकि भोपाल में 27 सेट की मेट्रो चलेगी। एक सेट में तीन डिब्बे होंगे। हर डिब्बे में स्टील की कुर्सियां होंगी, जिसमें 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी, जबकि 250 लोग खड़े हो सकेंगे। इस तरह तीन डिब्बों में एक बार में करीब 900 यात्री सफर कर पाएंगे। डिब्बे में दिव्यांग की व्हीलचेयर के लिए अलग से स्थान होगा। मेट्रो ट्रेन को 90 किमी प्रतिघंटा की गति से चलने के लिए डिजाइन किया गया है। हालांकि इंदौर में मेट्रो 80 किमी प्रतिघंटा की गति से चलेगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | नवदुनिया | इंदौर | 04.07.2023 | 02 | सितंबर मे होगा ट्रायल रन, अगस्त मे पहुंचेंगे कोच | Neutral |



तैयारी | 10 दिन बाद मेट्रो स्टेशन पर शेड और स्टील के स्ट्रक्चर का कार्य शुरू होगा

# सितंबर में होगा मेट्रो ट्रायल रन, अगस्त में पहुंचेंगे कोच

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। इंदौर में सितंबर के दूसरे सप्ताह तक मेट्रो का ट्रायल रन किए जाने की संभावना है। फिलहाल गांधी नगर डिपो से सुपर कारिडोर तक 5.9 किमी हिस्से में मेट्रो का ट्रायल रन होगा। ऐसे में इस हिस्से में निर्माण संबंधित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने की कवायद की जा रही है। मेट्रो के ट्रायल रन वाले हिस्से में पांच स्टेशनों का निर्माण अगस्त तक पूरा करने की कवायद की जा रही है।

कांक्रीट स्ट्रक्चर क तैयार हो चुका है। 10 दिन बाद मेट्रो स्टेशन पर शेड व स्टील के स्ट्रक्चर का कार्य शुरू किया जाएगा। ट्रायल से पहले अत्याधुनिक स्तर के मेट्रो स्टेशन तैयार होंगे। इनमें लिफ्ट, एस्केलेटर और दिव्यांगों के लिए आने-जाने के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मेट्रो के ट्रायल रन के लिए तीन-तीन कोच के दो सेट अगस्त के तक इंदौर पहुंचने की संभावना है।

**निरीक्षण शेड भी हो रहा तैयार** : डिपो में तैयार हो रहे स्टेब्लिंग यार्ड का कार्य करीब 70 प्रतिशत तक हो गया है। इसमें आठ लेन का ट्रैक तैयार करने पूर्व सिविल कार्य पूर्ण हो चुका है। अब यहां पटरियां बिछाने का काम शुरू होगा। निरीक्षण यार्ड में चार ट्रैक बनाए जाना हैं। इसमें से एक ट्रैक तैयार हो गया है। एक लेन में स्टील के 126 पिलर लगाए गए और पटरी भी बिछाई जा रही हैं।

**प्रशासनिक भवन और कंट्रोल कमांड सेंटर भी होगा तैयार** : मेट्रो डिपो में प्रशासनिक भवन और कंट्रोल कमांड सेंटर का कार्य भी अगस्त तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इनका स्ट्रक्चर तो तैयार हो गया है। विद्युत लाइटिंग का कार्य किया जा रहा है। कमांड सेंटर में मेट्रो की निगरानी व नियंत्रण के लिए उपयोग में आने वाले उपकरण पहुंच चुके हैं। जल्द ही इनका इंस्टालेशन किया जाएगा। मेट्रो का जिस 5.9 किमी हिस्से में ट्रायल होना है, उसके पिलर व वायडक्ट का पूरा हो चुका है और पटरियां बिछाने काम जारी है।

### इस रूट पर होगा ट्रायल रन: 5.9 किमी

गांधी नगर- सुपर कारिडोर 6- सुपर कारिडोर 5- सुपर कारिडोर 4- सुपर कारिडोर 3

### टेस्टिंग ट्रैक तैयार

मेट्रो ट्रेन का डिपो पर 920 मीटर का टेस्टिंग ट्रैक तैयार हो चुका है। इसके पास कोच को विद्युत उपलब्ध करवाने के लिए तीसरी पटरी बिछाई जा रही है। गांधी नगर डिपो के पास मेट्रो का रिसीविंग सब स्टेशन भी अगले माह तक तैयार हो जाएगा।



"मेट्रो के ट्रायल रन के लिए तैयारी पूर्ण करने की कोशिश की जा रही है। सितंबर के दूसरे सप्ताह तक ट्रायल रन संभावित है।

**- मनीष सिंह,** एमडी मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि

### नहीं आएगा मोकअप कोच

मेट्रो की शुरुआत के पहले उसकी जागरूकता के लिए संबंधित शहर में मेट्रो के माडलनुमा मोकअप कोच लगाए जाते हैं। फिलहाल भोपाल में मेट्रो का मोकअप कोच पहुंचा और वहां उसे सार्वजनिक स्थान पर डिस्प्ले किया जाएगा। इंदौर में फिलहाल मोकअप कोच नहीं आएगा। इंदौर में सितंबर में मेट्रो का ट्रायल रन होना है। इस वजह से यहां मोकअप कोच नहीं लाया जाएगा। यह संभावना जताई जा रही है कि इंदौर में एलईडी स्क्रीन पर डिजिटल मोकअप कोच दिखाया जाएगा। भोपाल के मोकअप कोच की वीडियो को इंदौर में डिजिटल रूप मे दिखाया जाएगा।

MPMETRO

**METRO NEWS**

**05th JULY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | पत्रिका | इंदौर | 05 .07.2023 | 4 | पत्रिका से चर्चा मे मेट्रो कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह बोले- स्टेशन को सोलर सिस्टम से करेंगे रोशन | Positive |

पत्रिका

# इंदौर प्राइम
INDOREPRIME

पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो
#Readers Connect Indore News
facebook.com/groups/indorevoice



इन आइकन से जुड़ी सामग्री **पत्रिका इंदौर वॉइस** फेसबुक ग्रुप पर पढ़ें, **अपनी खबरें** भी भेजें
क्यूआर कोड
मोबाइल से करें स्कैन
खबरें | समस्याएं | सुझाव | फोटो | वीडियो | पॉडकास्ट

इंदौर की खबरें **patrika.com/indore-news/** पर भी देखें

Date: 05/07/2023, Edition: Indore City, Page: 4
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

**#IndoreMetro**

**पत्रिका से चर्चा में मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीषसिंह बोले- स्टेशन को सोलर सिस्टम से करेंगे रोशन**

# हर स्टेशन का बनेगा डेवलपमेंट प्लान, दिल्ली की तर्ज पर मल्टीलेवल पार्किंग

पत्रिका रीडर्स फेस्ट 1 जुलाई से 15 अगस्त 2023

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** मेट्रो रूट का निर्माण तेजी से चल रहा है, लेकिन पार्किंग व अन्य लोक परिवहन के वाहनों के स्टैंड के लिए कोई प्रावधान नहीं है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीषसिंह का इस संबंध में कहना है, अभी पटरी बिछाने पर जोर है। जल्द ही हर स्टेशन का लोकल एरिया डेवलपमेंट प्लान बनाएंगे, जिसमें पार्किंग के साथ अन्य सुविधाओं को लेकर प्लानिंग होगी। ग्रीन एनर्जी को अपनाते हुए स्टेशन को सोलर सिस्टम से रोशन करने की योजना भी है। बीआरटीएस पर जिस तरह वाहनों की पार्किंग की समस्या है वैसी समस्या मेट्रो रूट पर नहीं आएगी। पत्रिका से चर्चा में मेट्रो ट्रेन कॉर्पोरेशन के एमडी मनीषसिंह ने कहा कि 35 स्टेशन में से बाहरी इलाके के स्टेशन पर तो पार्किंग स्टैंड के लिए जगह मिल जाएगी, लेकिन शहर के अंदरूनी हिस्से यानी पलासिया से बड़ा गणपति तक स्टेशन पर पार्किंग की जगह मिलना मुश्किल लग रहा है। दिल्ली की तर्ज पर बिल्डिंग में मल्टीलेवल पार्किंग विकसित की जाएगी।




फॉलोअप



### मेट्रो को सुलभ बनाने इस तरह के प्लान पर होगा काम

- अभी पूरा जोर मेट्रो को चलाने पर है। पटरी बिछने के बाद अगले साल अंत तक कमर्शियल रन चलाया जाएगा।
- इसके लिए कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी से सर्टिफिकेट लेंगे। उनकी टीम सुरक्षा मानकों पर रूट को चेक करेगी।
- हर स्टेशन का लोकल एरिया डेवलपमेंट प्लान बनाया जाएगा, पार्किंग-स्टैंड के साथ ही यात्रियों के लिए हर सुविधा जुटाने का प्रयास होगा।
- पार्किंग व्यवस्था के साथ ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट से इंटीग्रेशन पर ध्यान दिया जाएगा।
- ग्रीन एनर्जी पर भी हमारा जोर है। स्टेशन को सोलर सिस्टम लगाकर रोशन किया जाएगा। छतों के साथ जहां संभव होगा वहां सोलर पेनल लगाए जाएंगे।

### अंतरराष्ट्रीय एजेंसी दिखा रहीं रुचि

मेट्रो के रोबोट चौराहे से लेकर पलासिया तक के रूट को बनाने के लिए टेंडर जारी हो चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेंडर हुए जिसके कारण कई अंतरराष्ट्रीय निर्माण एजेंसी भी यहां काम करने के लिए रूचि दिखा रही हैं। अफसरों के मुताबिक, जल्द ही ठेके को अंतिम रूप दिया जाएगा।

Date: 05/07/2023, Edition: Indore City, Page: 4
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | Free Press | Indore | 05.07.2023 | 06 | Corrigendum/Rebuttal News | Neutral |

INDORE CITY

INDORE | WEDNESDAY | JULY 5, 2023 www.freepressjournal.in

## CORRIGENDUM

The news titled 'MP Metro seeks HC's help in getting BSF, Airport land' published on July 2, 2023 had factual errors. The MPMRCL has informed that it has not approached the High Court for any issue related to land acquisition. The inadvertent error is regretted.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 06 .07.2023 | 03 | मेट्रो रूट पर बचे कामों के लिए आइएमसी की जल्द मंजूरी | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 06-07-2023

Pg-03

निगमायुक्त व अपर प्रबंध संचालक ने कहा-

## मेट्रो रूट पर बचे कामों के लिए आईएमसी की जल्द लें मंजूरी



इंदौर | बुधवार को मप्र मेट्रो रेल कंपनी की अपर प्रबंध संचालक व निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने मेट्रो रूट का निरीक्षण किया। पेड़ों की छंटाई, ट्रांसप्लांट व डिवाइडर सहित निगम से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर अधिकारियों की बैठक भी ली। इसमें निगम के भी अधिकारी मौजूद थे। विजय नगर चौराहा स्थित मेट्रो रेल कंपनी के ऑफिस में हुई बैठक में उन्होंने अधिकारियों से चौराहों से हटाई गई रोटरी, हार्टिकल्चर व लैंड स्केपिंग का मौका-मुआयना करने के लिए कहा। मेट्रो स्टेशन च निर्गम मार्ग को साफ करने के निर्देश दिए गए।

विजय नगर स्टेशन की डिजाइन व ड्राइंग की आईएमसी के साथ समीक्षा करने व आईएसबीटी से रेडिसन तक के स्टेशनों के प्रवेश व निकास क्षेत्र से पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने के लिए मंजूरी लेने के निर्देश दिए गए। बापट स्क्वायर, विजय नगर, हीरा नगर और चंद्र गुप्त मौर्य चौराहा पर प्रवेश व निकास के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता की मंजूरी, भारत माता मंदिर और बापट चौराहा फाउंटेन का कुछ हिस्सा, गांधी नगर जंक्शन, बीएसएफ, बीजासन परिसर के बीच सड़क का चौड़ीकरण आदि के संबंध में भी बैठक में चर्चा की गई। डीपो निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट देखी। जुलाई में प्रस्तावित जी-20 की बैठक व मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे कार्यों को देखते हुए एयरपोर्ट से लेकर ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर व अन्य जगह पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग लगाने, रास्ते के आसपास, डिवाइडर के बीच प्लांटेशन करने, रोड पर जरूरी संधारण व रिपेयरिंग का काम करने के निर्देश भी दिए।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | पीपल्स समाचार | Indore | 06.07.2023 | 03 | मेट्रो के स्टेशन के लिए जगह लेने की प्रक्रिया होगी शुरू | Neutral |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार
Pg-03

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी July 06, 2023

# मेट्रो के स्टेशनों के लिए जगह लेने की प्रक्रिया होगी शुरू

## निगम आयुक्त ने ली प्रोजेक्ट के संबंध में समीक्षा बैठक



पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9926064287

स्मार्ट सिटी के 7500 करोड़ के बहुप्रतीक्षित मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट का काम द्रुतगति से चल रहा है। सुपर कॉरिडोर पर पटरियां बिछाने के साथ ही मुख्य स्टेशन का काम भी अंतिम चरण में है। आगामी सितम्बर को कॉरिडोर के कुछ हिस्से में ट्रेन का ट्रॉयल शुरू किया जाएगा। ट्रेन के स्टेशनों का चयन हो चुका है। यह कहां आकार लेंगे... इसके लिए जगह तलाशने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।

यह निर्देश निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने प्रोजेक्ट के संबंध में समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रोजेक्ट में बाधक रोटरी, हार्टिकल्चर और लैंड स्कैपिग निर्माण का भी निरीक्षण किया। विजय नगर स्टेशन के ड्राइंग की आईएमसी के साथ समीक्षा करने, आईएसबीटी से रेडिसन चौराहा तक स्टेशनों के प्रवेश, निकास क्षेत्र से पेड़ों को प्रत्यारोपित करने, बापट, विजय नगर, हीरानगर और चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा पर आने-जाने का रास्ता बनाने, भूमि की उपलब्धता की मंजूरी मेयर इन कौंसिल से लेने, भारत माता मंदिर और बापट चौराहा का कुछ हिस्सा, गांधीनगर जंक्शन, बीएसएफ, बिजासन परिसर के बीच सड़क चौड़ीकरण के संबंध में भी बैठक ली। आयुक्त ने निर्माणाधीन मेट्रो रेलवे स्टेशन, गांधीनगर के पास बनाए जा रहे मेट्रो डिपो का भी निरीक्षण किया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | नई दुनिया | इंदौर | 06.07.2023 | 03 | मेट्रो स्टेशन की हटाई जाएंगी बाधाए | Neutral |

नईदुनिया | 03
इंदौर, गुरुवार 06 जुलाई, 2023

# मेट्रो स्टेशन की हटाई जाएंगी बाधाएं

## प्रगति की समीक्षा ● निगमायुक्त ने परियोजना का निरीक्षण किया, दिए दिशा निर्देश

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मेट्रो रेल कंपनी की अपर प्रबंध संचालक एवं निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने बुधवार को मेट्रो स्टेशन और डिपो का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बैठक में मेट्रो के ट्रायल रन तक होने वाले कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इसमें मेट्रो प्रोजेक्ट व नगर निगम के अधिकारी भी शामिल हुए।

आयुक्त ने वर्षाकाल के दौरान मेट्रो के निर्माण कार्य प्रभावित होने के बारे में कंपनी के अफसरों से पूछा तो उन्होंने बताया कि जिस हिस्से में ट्रायल रन होना है, उसके स्टेशन निर्माण के दौरान फाउंडेशन व स्ट्रक्चर संबंधित कार्य हो चुका है। ऐसे में वर्षा शेष निर्माण कार्य में बाधक नहीं बनेगी। निगमायुक्त ने रेल पटरियां बिछाने के दौरान गिट्टी (बालास्ट) की उपलब्धता की जानकारी मांगी। इस पर अधिकारियों ने बताया कि जितनी गिट्टी की जरूरत है वह पहली ही बुलवा ली गई है। ऐसे में वर्षा से खदानों से बालास्ट लेने की जरूरत नहीं होगी। निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने मेट्रो प्रोजेक्ट के अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों में चौराहे से हटाई गईं रोटरी, हार्टिकल्चर और लैंड स्कैपिंग के निर्माण के संबंध में मौका निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए।



निगमायुक्त ने मेट्रो प्रोजेक्ट की समीक्षा की और निरीक्षण भी किया। ● नईदुनिया

आयुक्त ने मेट्रो स्टेशन के प्रवेश तथा निर्गम मार्ग पर मौजूद बाधाओं को हटाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रोजेक्ट के अंतर्गत विजय नगर स्टेशन की संरचना की प्रस्तावित ड्राइंग की निगम के साथ समीक्षा करने, आइएसबीटी से रेडिसन तक मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश व निकास क्षेत्र से पेड़ों को प्रत्यारोपित करने के लिए निगम की मंजूरी लेने के निर्देश दिए। बैठक में बापट चौराहे, विजय नगर, हीरा नगर और चंद्र गुप्त मौर्य चौराहे पर मेट्रो स्टेशन के प्रवेश व निकास मार्ग के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता के लिए मंजूरी, भारत माता मंदिर और बापट चौराहे पर फाउंटेन का कुछ हिस्सा, विद्युत संरचनाओं के निर्माण, गांधी नगर जंक्शन और बीएसएफ, बिजासन परिसर के बीच सड़क का चौड़ीकरण आदि के संबंध में भी चर्चा की गई।

### बेरिकेडिंग के निर्देश

जुलाई में इंदौर में प्रस्तावित जी- 20 की बैठक होना है। ऐसे में मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे कार्यों को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट से लेकर रेडिसन तक पर्याप्त सुरक्षा के लिए बेरिकेडिंग लगाने एवं कार्यस्थल को साफ-सुथरा रखने का निर्देश दिए।


### गांधी नगर डिपो

निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने निर्माणाधीन मेट्रो रेलवे स्टेशन के अलावा सुपर कारिडोर के स्टेशन नंबर 5 पर मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारी का भी जायजा लिया। इसके बाद गांधी नगर डिपो पहुंचकर यहां हो रही तैयारी का निरीक्षण किया और साथ ही बाउंड्रीवाल से लगे ड्रेनेज सिस्टम के सुधार की समीक्षा की।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | Times of India | Indore | 07.07.2023 | 3 | Metro trial run likely in Sept | Positive |

# Metro trial run likely in Sept

Dharmendra Khatke



A 6km-stretch on Super Corridor has been identified to run the Metro rail in first phase

Sagar.Choukse
@timesgroup.com

**Indore:** MP Metro Rail Corporation (MPMRCL) is aiming to start a trial run of Indore Metro in September but its commercial run is unlikely to start till March. The trial run, which will continue for around six months, will have to pass all the safety and other norms while this duration will also be needed for construction of stations and other facilities.

According to senior MPMRCL officials, around 6km long stretch on Super Corridor has been identified to start running of the Metro Rail that is scheduled in September this year.

This stretch has five stations but only two of them have so far taken shape while apart from readying all these facilities along with MPMRCL will be needed all the clearances from the Commissioner of Metro Rail Safety (CMRS) that is likely to take the next six months.

Besides, completing all the proposed works at the depot for maintenance of Indore Metro is likely to take similar time and thus, chances are low of the citizens getting the first ride in it before March, next year. According to the MPMRCL officials, the CMRS team will inspect operational safety, traction and power supply, signaling system, viaduct, tracks and curve, passenger amenities at metro stations, fire-fighting system, passenger information systems, and others before giving clearances that is required to start commercial of the Metro rail.

For all these clearances, multiple trial runs of the Metro rail will be conducted and if the team raises any point, MPMRCL will have to fix.

"We have set a target to start trial run of Indore Metro in around 6km stretch of Super Corridor and therefore, all the remaining works are being done at fast pace," MPMRCL additional managing director and IMC commissioner Harshika Singh said, adding that coordination has been established between all the departments concerned while close monitoring and timely disposal of the issue, if arise any, are being ensured.


She said that the commercial run of Metro will only start after getting all required clearances including that of CMRS and arranging all required facilities at the stations that will take some time. "Efforts will be made to take all required clearances and completing construction of all five stations along with arranging required facilities there to start the commercial run by end of this calendar year," she said.

Experts are raising questions over sustainability of Metro Rail as its not expected to get a good number of passengers on Super Corridor while commercial viability will only be ensured after it will be stretched further towards the airport and till Vijay Nagar area, which is called as priority corridor of around 17km. However, the same is expected to be completed by 2025.

SNo. 09


इंदौर 08-07-2023





नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री


# अधोसंरचना निर्माण में गढ़े नए आयाम



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



**2002-03 के 3,878 करोड़ रुपये की तुलना में 2023-24 का अधोसंरचना बजट 55,256 करोड़ रुपये**



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश में 750 मेगावॉट क्षमता की रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना का वर्चुअल उद्घाटन किया गया।

## मध्यप्रदेश बना ऊर्जावान

- 5943 मेगावॉट क्षमता की नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाएँ स्थापित।
- 10 वर्षों में नवकरणीय ऊर्जा क्षमता का 11 गुना विस्तार।
- विश्व की बड़ी सौर ऊर्जा परियोजनाओं में से एक 750 मेगावॉट क्षमता की रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना से उत्पादन।
- 1500 मेगावॉट के आगर-शाजापुर नीमच सौर पार्क का विकास।
- ओंकारेश्वर जलाशय पर 600 मेगावॉट क्षमता की सोलर फ्लोटिंग परियोजना का निर्माण दो चरणों में।
- 2350 मेगावॉट की पवन सौर हाइब्रिड परियोजनाओं की कार्यवाही प्रारंभ।
- बैटरी एनर्जी स्टोरेज आधारित 950 मेगावॉट की हाईब्रिड परियोजना छतरपुर में होगी स्थापित।
- मुरैना में 1400 मेगावॉट की सोलर परियोजना की कार्यवाही शुरु।
- सांची देश की पहली सोलर सिटी के रुप में विकसित।
- अन्नदाता किसान बन रहे हैं ऊर्जादाता। कुसुम-अ योजना में अब तक 100 मेगावॉट की परियोजनाएं।
- घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं को 24 घंटे और कृषि उपभोक्ताओं को 10 घंटे निर्बाध बिजली की आपूर्ति।
- घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट पर 100 रुपये का बिल, 84% सब्सिडी से हर महीने एक करोड़ से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित।
- कोरोना काल में 88 लाख उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में 6 हजार 400 करोड़ रुपये की राहत।
- घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को 23 हजार 600 करोड़ रुपये की बिजली सब्सिडी।
- दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना में 2,886 करोड़ रुपये के कार्य संपन्न, सौभाग्य योजना में 9.84 लाख कनेक्शन।
- किसानों को 21 हजार सौर पंपों की सौगात, 50 हजार सौर पंप स्थापित होंगे।



## मेट्रो रेल परियोजना

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट में 8 मेट्रो स्टेशनों का शिलान्यास।
- इंदौर में 16 मेट्रो स्टेशन एवं 11 कि.मी. वायाडक्ट निर्माण का शिलान्यास।
- भोपाल और इंदौर शहर के लिए कुल 62.41 कि.मी. रुट पर रु.14,000 करोड़ की लागत से मेट्रो रेल परियोजना निर्माणाधीन।
- परियोजना का कार्य तेज गति से जारी इसी वर्ष सितम्बर में ट्रायल रन होगा।

## जल जीवन मिशन - हर घर शुद्ध जल




- प्रदेश के 50% से अधिक प्रमीण घरों में पहुंचा नल से जल।
- 60 लाख से अधिक नल कनेक्शन स्थापित। 9 हजार 600 से अधिक गाँव हुए 100% कवर।
- 62 हजार करोड़ रुपये से अधिक की नल-जल योजनाएं स्वीकृत।
- वर्ष 2024 तक 1 करोड़ 19 लाख से अधिक ग्रामीणों में मिलेगा नल से जल।
- बुरहानपुर बना देश का पहला हर घर जल प्रमाणित जिला।
- निवाड़ी जिले में भी 'हर घर जल'।
- राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 में सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में मध्यप्रदेश प्रथम।
- मुख्यमंत्री शहरी योजना में 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 154 परियोजनाएं स्वीकृत।

D-16059/23

**मध्यप्रदेश शासन**

**MPMETRO**

# METRO NEWS

**10th JULY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Patrika | Indore | 10.07.2023 | 2 | भोपाल पहुंचा माकअप कोच, अगले चरण का ठेका इसी महीने होगा फाइनल | Neutral |

पत्रिका

INDOREPRIME

# इंदौर प्राइम

पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो
#Readers Connect Indore News
facebook.com/groups/indorevoice

पत्रिका. इंदौर, सोमवार, 10 जुलाई 2023

इन आइकन से जुड़ी सामग्री **पत्रिका इंदौर वॉइस** फेसबुक ग्रुप पर पढ़ें, **अपनी खबरें** भी भेजें
क्यूआर कोड मोबाइल से करें स्कैन | खबरें | समस्याएं | सुझाव | फोटो | वीडियो | पॉडकास्ट
इंदौर की खबरें **patrika.com/indore-news/** पर भी देखें

**शहर मौसम**



तापमान
29.4° अधिकतम | 23.4° न्यूनतम
ह्यूमिडिटी : 82% (अधिकतम)
हवा की गति 25 किमी/घंटा
फोरकास्ट
बारिश की संभावना।



भोपाल पहुंचा मेकअप कोच, अगले चरण का ठेका इसी महीने होगा फाइनल

## मेकअप कोच से पता चलेगा आप ऐसे सवार होंगे मेट्रो में

**इंदौर@पत्रिका.** जल्द ही लोगों को मेट्रो के मेकअप कोच से रुबरु कराया जाएगा। गुजरात की कंपनी मेट्रो के लिए कोच बना रही है। मेकअप कोच के जरिए लोगों को बताया जाएगा कि वे मेट्रो में किस तरह से सवार होकर यात्रा करेंगे।

मेकअप कोच में असली कोच जैसी सुविधाएं होती है। यह कोच भोपाल पहुंच गया है, जल्द ही इसे इंदौर भी लाया जाएगा। निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने बताया कि मेकअप कोच से लोगों को मेट्रो के सफर की जानकारी दी जाएगी। अभी कंपनी ने रोबोट चौराहे तक का ही ठेका दिया है। पलासिया तक के काम का ठेका जुलाई अंत तक देने पर काम चल रहा है।

Date: 10/07/2023, Edition: Indore City, Page: 2
Source : https://epaper.patrika.com/

INDORE (इंदौर)

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 11.07.2023 | 3 | अब तक 3 किमी ट्रैक ही तयार हो सका, एमडी ने नाराजगी जताई | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 11-07-2023 Pg-J2

अब तक 3 किमी ट्रैक ही तैयार हो सका, एमडी ने नाराजी जताई

# मेट्रो ट्रायल के 2 माह बचे; 2.9 किमी ट्रैक अधूरा, 20 अगस्त की डेडलाइन

भास्कर संवाददाता | इंदौर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5.9 किलोमीटर ट्रैक पर होना है ट्रायल रन | 17.5 किलोमीटर ट्रैक पर चल रहा काम | 16 स्टेशन बनेंगे इस हिस्से में | 02 किमी पटरी बिछ चुकी है भोपाल मेट्रो में |

इंदौर और भोपाल में इस साल सितंबर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन होना है। सुपर कॉरिडोर पर सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर में 5.9 किमी के ट्रैक पर 3 किमी पटरियां ही बिछ पाई हैं। 2.9 किमी का ट्रैक बाकी है। ऐसे में दोपहर में काम बंद रखे जाने पर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी ने नाराजी जाहिर की।

मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने सोमवार को दिन में अनावश्यक रूप से काम रोकने पर आपत्ति लेते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई। ट्रैक कॉन्ट्रेक्टर को हिदायत दी कि बारिश में भी काम रुकना नहीं चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक करीब 2105 मीट्रिक टन पटरी प्राप्त हो चुकी है। वाया डक्ट पर लगभग 3 किमी और डिपो में एक किमी पटरी बिछाई जा चुकी है। एमडी ने अधिकारियों से कहा कि पटरी के काम में तेजी लाने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाएं। इंदौर में काम कर रही कंपनी को निर्देश दिए कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए और 20 अगस्त तक काम पूरा करें।

## ट्रायल रन सितंबर में ही, शेड्यूल में बदलाव नहीं

एमडी ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि ट्रायल रन सितंबर में ही होगा। इसके समय में कोई बदलाव नहीं होगा। इसलिए समय से पहले काम पूरा कर लें। 10 दिन बाद फिर समीक्षा होगी। इस दौरान अजय शर्मा, निदेशक नीति कोठारी आदि मौजूद थे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | नई दुनिया | इंदौर | 11.07.2023 | 1 | मेट्रो के काम मे रफ्तार के लिए कड़ी फटकार | Neutral |

इंदौर, मंगलवार 11 जुलाई 2023

नईदुनिया सिटी

इंदौर

Pg-01

प्रियंका के बाद फरहान को अनुष्का से भी झटका || www.naidunia.com

# मेट्रो के काम में रफ्तार के लिए कड़ी फटकार

इंदौर मेट्रो का काम समय पर पूरा होना प्रदेश सरकार के लिए कितना महत्वपूर्ण है, यह इसके काम की गति से समझा जा सकता है। यही वजह रही कि काम में जरा लेटलतीफी देख मेट्रो एमडी ने सोमवार को काम से जुड़े अफसरों को फटकार लगाई। मेट्रो के ट्रायल रन को समय पर करने के लिए काम में रफ्तार जरूरी है और इसी रफ्तार के लिए यह फटकार पड़ी है।

दरअसल, सितंबर में इंदौर मेट्रो का गांधीनगर डिपो से सुपर कारिडोर तक 5.9 किलोमीटर हिस्से में ट्रायल रन प्रस्तावित है। ऐसे में सोमवार को मेट्रो के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने ट्रायल रन के तहत की जा रही तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने इंदौर मेट्रो में वायडक्ट पर प्लिन्थ व बीम के कार्य को दिन में अनावश्यक रूप से बंद रखने को लेकर परियोजना निदेशक साइमन फोरी, उप-परियोजना निदेशक व जनरल कंसल्टेंट परशुराम व इंदौर मेट्रो के महाप्रबंधक के प्रति कड़ी आपत्ति जाहिर की। मेट्रो के काम की धीमी गति से चल रही तैयारियों को लेकर नाराज एमडी सिंह ने इंदौर के कंसल्टेंट व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा यह भी कहा कि वर्षा काल में मेट्रो की पटरी वेल्डिंग का कार्य बाधित न हो, यह सुनिश्चित करें। यदि जरूरी हो तो अस्थाई रूप से शेड का इंतजाम भी किया जाए। इंदौर मेट्रो की चिंता में यह बैठक भोपाल में हुई। इसमें अजय शर्मा निदेशक (प्रोजेक्ट), नीति कोठारी निदेशक (वित्त), शोभित टंडन निदेशक (सिस्टम), संजय सिंह व वाइ.सी शर्मा महाप्रबंधक सिविल, अजय गुप्ता महाप्रबंधक ट्रैक, मनीष गंगारेकर महाप्रबंधक (रोलिंग स्टाक), एन.डी. शाक्यवार महाप्रबंधक (ई एंड एम) व कारपोरेशन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, जनरल कंसल्टेंट के वरीय अधिकारी मौजूद रहे। इंदौर मेट्रो के अधिकारी बैठक में आनलाइन शामिल हुए।



**प्लिन्थ व बीम के कार्य को दिन में बंद रखने पर मेट्रो एमडी ने अफसरों को डपटा**

**कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 20 अगस्त तक ट्रायल वाले हिस्से में काम पूरा करने के निर्देश**

### 10 दिन बाद फिर समीक्षा ताकि काम की गति पता चले

गौरतलब है कि इंदौर में अब तक लगभग 2105 मीट्रिक टन पटरी प्राप्त हो चुकी है तथा लगभग तीन किमी वायडक्ट एवं डिपो में एक किमी पटरी बिछाई जा चुकी है। मनीष सिंह ने इंदौर मेट्रो के अफसरों को निर्देशित किया कि पटरी के कार्य में तेजी लाने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ानी होगी। ट्रैक कान्ट्रैक्टर को दो दिन के भीतर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर पटरी का कार्य 20 अगस्त तक पूर्ण करने के लिए कहा। मेट्रो के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि इंदौर में स्टेशन से संबंधित कार्य तथा सिविल वर्क के साथ सिस्टम के सभी कार्य तय समय में पूर्ण हो जाएंगे। इस बैठक के बाद काम की रफ्तार बढ़ी या नहीं, इसके लि 10 दिन बाद फिर समीक्षा बैठक की जाएगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | नई दुनिया | इंदौर | 11.07.2023 | 4 | मेट्रो ट्रैक के वायाडक्ट पर काम रोकने पर अधिकारियों की खिचाई | Neutral |



**समीक्षा बैठक** 20 अगस्त तक पटरियों के काम पूरे करने के दिए जरुरी निर्देश

# मेट्रो ट्रैक के वायडक्ट पर काम रोकने पर अधिकारियों की खिंचाई

## नहीं बदलेगी सिंतबर में ट्रायल रन की समय-सीमा

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क

प्रदेश में इंदौर और भोपाल में चल रहे मेट्रो निर्माण कार्य की प्रगति पर निरंतर अपनी नजर रखी जा रही हैं। अधिकारियों से समय-समय पर रिपोर्ट ली जा रही हैं।

इसी क्रम मे प्रबंध संचालक मनीष सिंह द्वारा सितंबर माह में होने वाले प्रायोरीटी कॉरिडर के मेट्रो ट्रायल रन के लक्ष्य के मद्देनज़र मेट्रो निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की गई। जिसमें मेट्रो से संबंधित प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री सिंह द्वारा इंदौर मेट्रो में वायाडक्ट पर प्लिन्थ बीम के कार्य को दिन में अनावश्यक बंद रखने को लेकर जनरल कन्सल्टन्ट के परियोजना निदेशक साइमन फोरी और उप परियोजना निदेशक इंदौर जनरल कन्सल्टन्ट परशुराम और महाप्रबंधक, इंदौर मेट्रो रेल के प्रति कड़ी आपति जाहिर की। दूरभाष से इंदौर मेट्रो एवं जनरल कन्सल्टन्ट के अधिकारियों को कड़े निर्देश एवं सचेत किया की भविष्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नही की जाएगी।

## टीन शेड लगा कर होगी पटरी वेल्डिंग

मेट्रो अधिकारियों से बैठक के दौरान एमडी ने एलएंडटी भोपाल और आईएससी टैक्मको इंदौर ट्रैक कान्ट्रैक्टर को दूरभाष से निर्देश दिए की बारिश में कार्य रुकने नहीं चाहिए उसके लिए कवर्ड शेड और टीन शेड का अस्थाई इंतेजाम करें जिससे पटरी वेल्डिंग का कार्य बाधित न हो। अधिकारियों से पटरी की वर्तमान स्थिति के बारे पूछा गया। इस पर अधिकारियों द्वारा पटरी की वर्तमान प्रगति के बारे में जानकारी दी। इंदौर में अब तक लगभग 2105 मीट्रिक टन पटरी प्राप्त हो चुकी है। लगभग 3 किमी वायाडक्ट और 1 किमी डिपो में पटरी बिछाई जा चुकी है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया की पटरी के कार्य में तेजी लाने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ानी होगी, जिस पर ट्रैक कान्ट्रैक्टर को मौके पर निर्देश दिए कि दो दिनों के भीतर श्रमिकों की संख्या बढ़ा कर 20 अगस्त तक पटरी का कार्य पूर्ण करने के लिए कहा। भोपाल में अब तक लगभग 1715 मीट्रिक टन पटरी प्राप्त हो चुकी है और वायाडक्ट पर अब तक लगभग 2 किमी पटरी बिछाई जा चुकी है।

## अब नहीं बदलेगी ट्रायल रन की समय-सीमा

मेट्रो के अधिकारियों ने प्रायोरीटी कॉरिडर के तहत इंदौर और भोपाल मे स्टेशन से संबंधित प्रगति के बारे मे अवगत करवाया और आश्वस्त किया कि सिविल एवं सिस्टम के सभी कार्य तेज गति से निरंतर जारी है। तय समय में पूर्ण कर लिए जाएंगे। प्रबंध संचालक ने एक बार फिर सभी को स्पष्ट रूप से कहा कि इसी वर्ष सितंबर मे होने वाले ट्रायल रन की समय सीमा अपरिवर्तनीय है, इससे पहले सभी कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए। साथ ही प्रबंध संचालक ने कहा की 10 दिन बाद वह फिर समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति पर अपडेट लेंगे। प्रबंधक संचालक के निरीक्षण कार्यक्रम में अजय शर्मा, निदेशक (प्रोजेक्ट), नीति कोठारी, निदेशक (वित्त), शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), संजय सिंह, जीएम सिविल, वाईसी शर्मा, जीएम सिविल, अजय गुप्ता, जीएम ट्रैक, मनीष गंगारेकर, जीएम (रोलिंग स्टॉक), एनडी शक्यावार, जीएम (ईएम), कॉरपोरेशन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, जनरल कंसलटेंट के वरीय अधिकारी मौजूद रहे। प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों को निर्माण कार्य को दुरुस्त गति में लाने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | पीपल्स समाचार | इंदौर | 11.07.2023 | 2 | मेट्रो रेल की पटरियाँ बिछाने का टारगेट 20 अगस्त तक | Neutral |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 2 July 11, 2023

# मेट्रो रेल की पटरियां बिछाने का टारगेट 20 अगस्त तक

## सात सितंबर तक ट्रायल रन की तैयारी

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9827334317

भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल पटरी बिछाने की अंतिम तिथि 20 अगस्त तय की गई है। इसके बाद इंजन, कोच और मेट्रो ट्रायल रन का काम सितंबर के पहले सप्ताह तक पूरा किया जाएगा। इस संबंध में मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने सोमवार को मेट्रो परियोजना की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने इंदौर के परियोजना अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इंदौर मेट्रो में वायाडक्ट पर प्लिन्थ बीम के कार्य को दिन में बंद रखने को लेकर जनरल कंसल्टेंट के परियोजना निदेशक साइमन फोरी तथा उप-परियोजना निदेशक इंदौर जनरल कंसल्टेट परशुराम और इंदौर मेट्रो रेल के महाप्रबंधक को फटकार भी लगाई। भोपाल में एलएंडटी एवं इंदौर में आईएससी टैक्समाको कान्ट्रेक्टर को दूरभाष से निर्देश दिए की बारिश में काम रुकने नहीं चाहिए ।



### इंदौर और भोपाल में यह है प्रोग्रेस स्टेटस

- इंदौर में अब तक 3 और भोपाल में 2 किलोमीटर पटरी बिछा दी गई है।
- भोपाल में 8 और इंदौर में 12 किमी का ट्रैक बनाया जा रहा है।
- भोपाल में अब तक 1,715 और इंदौर में लगभग 2,105 मीट्रिक टन पटरी प्राप्त हो चुकी है। डिपो में एक-एक किमी पटरी बिछाई जा चुकी।
- ट्रायल रन के लिए भोपाल में 27 और इंदौर में 25 सेट रेल की व्यवस्था की जाएगी।
- प्रदेश में 31 अगस्त से पहले दोनों शहरों के 1-1 सेट मेट्रो रेल आ जाएंगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | Free Press | Indore | 11.07.2023 | 3 | MPMRCL MD holds meeting | Neutral |

INDORE CITY

Pg-03 INDORE | TUESDAY | JULY 11, 2023 www.freepressjournal.in

## MPMRCL MD holds meeting

# City Metro officials pulled up for shoddy work on viaduct

OUR STAFF REPORTER
Indore/Bhopal

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited managing director Manish Singh expressed displeasure at the work of plinth beam on viaduct of Indore Metro project, which is closed during the day time.

He expressed displeasure during the review meeting of Bhopal and Indore Metro projects on Monday.

Singh pulled up project director of general consultant Simon Fourie and deputy project director, Indore general consultant, Parshuram over the issue. Parshuram had joined the meeting virtually.

Singh warned Indore Metro officials that no negligence would be tolerated in future. At the same time, he directed L&T (Bhopal) and ISC/Taxaco (Indore) track contractor that work should not be stopped during rainy season. The cover sheds and tin sheds should be used so that wielding works do not get hampered.

He also took information about the track laying work. It was informed that 1,715 metric ton track has been received in Bhopal and two-kilometer track has been laid down. In Indore, 2,105 metric ton railway track has been received.

At the meeting, he also instructed to accelerate the speed of work to lay down the railway track. He ordered L&T (Bhopal) and ISC/Texmaco (Indore) track contractors to increase the number of labourers within two days and to complete the track laying work by August 20.

He underlined that all the works of Metro should be completed on time as trial run will be held in September. Officers informed him about the progress of works and assured of timely completion. After meeting, he left for Indore to inspect Metro project works there.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | पत्रिका | इंदौर | 11.07.2023 | 2 | मेट्रो प्रोजेक्ट मे देरी को लेकर एमडी ने परियोजना प्रभारियों के समक्ष जताई नाराजगी | Neutral |

#MetroTrain

मेट्रो प्रोजेक्ट में देरी को लेकर एमडी ने परियोजना प्रभारियों के समक्ष जताई नाराजगी

# दिन-रात काम करें, बरसात में भी न रुके, 20 अगस्त तक बिछ जाए पटरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**इंदौर.** भोपाल व इंदौर में चल रहे मेट्रो निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने सोमवार को अफसरों की बैठक ली। समय पर काम नहीं होने पर उन्होंने परियोजना प्रभारियों के सामने नाराजगी जताते हुए दिन रात काम करते हुए 20 अगस्त तक पटरी बिछाने का काम पूरा करने के निर्देश दिए।

एमडी ने कहा कि सितंबर में किसी भी स्थिति में ट्रायल रन करना है, तारीख आगे नहीं बढ़ेगी। बैठक के दौरान एमडी को पता चला कि इंदौर मेट्रो में वायडक्ट पर प्लिंथ बीम के कार्य को दिन के समय बंद रखा जा रहा है। इस पर उन्होंने जनरल कंसल्टेंट के परियोजना निदेशक साइमन फोरी तथा उप परियोजना निदेशक परशुराम व इंदौर मेट्रो रेल महाप्रबंधक के सामने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने फोन पर अफसरों के कहा कि भविष्य में इस तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। ट्रैक कॉन्ट्रेक्टर को भी स्पष्ट कहा कि बारिश में भी काम रूकना नहीं चाहिए। अस्थायी व्यवस्था कर पटरी वेल्डिंग का काम जारी रखें।

## भोपाल से आगे निकला इंदौर मेट्रो का काम

बैठक में मेट्रो रूट के काम की प्रगति की रिपोर्ट भी रखी गई। इसमें पता चला कि भोपाल से ज्यादा काम इंदौर में हो गया है। भोपाल में लगभग 1715 मीट्रिक टन पटरी प्राप्त हो चुकी है तथा वायडक्ट पर लगभग 2 किमी पटरी बिछाई जा चुकी हैं। इंदौर में लगभग 2105 मीट्रिक टन पटरी प्राप्त हुई है और लगभग 3 किमी वायडक्ट एवं 1 किमी डिपो में पटरी बिछाई जा चुकी है।

## मजदूरों की संख्या बढ़ाकर करो काम

एमडी ने अधिकारियों को तेजी से काम करने के लिए कहा। ट्रैक कॉन्ट्रेक्टर से कहा कि वे दो दिन के भीतर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर 20 अगस्त तक पटरी बिछाने का काम पूरा करें। सितंबर में होने वाले ट्रायल रन से पहले सभी कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए। दस दिन बाद फिर समीक्षा बैठक होगी। बैठक में निदेशक (प्रोजेक्ट) अजय शर्मा, निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन आदि अफसर मौजूद थे।

Date: 11/07/2023, Edition: Indore City, Page: 2
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | अग्रिबाण | इंदौर | 11.07.2023 | 5 | मेट्रो प्रोजेक्ट की धीमी रफ्तार पर जताई नाराजगी | Neutral |



अग्निबाण 5
भोपाल, मंगलवार 11 जुलाई 2023

एमडी ने मेट्रो के कार्यों की समीक्षा

# मेट्रो प्रोजेक्ट की धीमी रफ्तार पर जताई नाराजगी

भोपाल, अग्निबाण संवाददाता

**भोपाल और इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने सोमवार को भोपाल में अधिकारियों की बड़ी मीटिंग की। यह मीटिंग सितंबर में प्रस्तावित ट्रायल रन को लेकर थी। इंदौर मेट्रो में वायाडक्ट पर प्लिन्थ बीम के काम को दिन में अनावश्यक बंद रखने को लेकर जनरल कंसलटंट के परियोजना निदेशक साइमन फोरी और उप-परियोजना निदेशक इंदौर जनरल कंसलटंट परशुराम, इंदौर मेट्रो एमडी पर नाराजगी जताई।**



एमडी सिंह ने मीटिंग के दौरान ही मोबाइल पर इंदौर मेट्रो एवं जनरल कंसलटंट के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भोपाल और इंदौर के ट्रैक कॉन्टैक्टर को निर्देश दिए कि बारिश में काम रुकने नहीं चाहिए। इसके लिए अस्थायी इंतजाम करें। पटरी वेल्डिंग का काम भी नहीं रोका जाए। भोपाल में 2 किमी और इंदौर में 3 किमी बिछी मेट्रो पटरी बिछ चुकी है। प्रोजेक्ट निर्देशक अजय शर्मा, नित्त निर्देशक नीति कोठारी, सिस्टम निर्देशक शोभित टंडन, महाप्रबंधक सिविल संजय सिंह, वाईसी शर्मा, महाप्रबंधक ट्रैक अजय गुप्ता, महाप्रबंधक रोलिंग स्टॉक मनीष गंगारेकर, महाप्रबंधक (ई×एम) एनडी. शक्यावार आदि अधिकारी मीटिंग में मौजूद रहे।

## सितंबर में होना है ट्रायल रन

बता दें कि भोपाल और इंदौर मेट्रो का सितंबर में ट्रायल रन होना है। इसलिए मेट्रो अफसर लगातार नजर रखे हुए हैं। इसके चलते ही सोमवार को मेट्रो एमडी सिंह ने बैठक बुलाई थी। इसमें उन्होंने अफसरों को निर्देश भी दिए। भोपाल में अब तक लगभग 1715 मीट्रिक टन पटरी प्राप्त हो चुकी है। वायाडक्ट पर अब तक लगभग 2 किमी पटरी बिछाई जा चुकी है। वहीं इंदौर में अब तक लगभग 2105 मीट्रिक टन पटरी प्राप्त हो चुकी है। करीब 3 किमी वायाडक्ट एवं 1 किमी डिपो में पटरी बिछाई जा चुकी है। एमडी सिंह ने अफसरों से कहा कि पटरी के कार्य में तेजी लाने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ानी होगी। जिस पर एलएनटी(भोपाल) एवं आईएससी/टीईएंडमैक (इंदौर) ट्रैक कान्ट्रैक्टर को मौके पर निर्देश दिए कि दो दिन के भीतर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर 20 अगस्त तक पटरी का कार्य पूरा कर लिया जाए। अधिकारियों ने प्रॉयोरिटी कॉरिडोर के तहत इंदौर एवं भोपाल में स्टेशन से संबंधित प्रगति के बारे मे अवगत करवाया और आश्वस्त किया कि सिविल एवं सिस्टम के सभी कार्य जारी है। इन्हें समय पर पूरा कर लेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | अग्निबाण | इंदौर | 11.07.2023 | 03 | अन्डरग्राउन्ड मेट्रो स्टेशन से जुड़ेगा रेल्वे स्टेशन | Neutral |

INDORE अग्निबाण Page No. 3 Jul 11, 2023

# अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन से जुड़ेगा रेलवे स्टेशन

## रीगल के पास पुराने एसपी आफिस में बनना है मेट्रो स्टेशन

**इंदौर। शहर के मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत रीगल के पास बनने वाले अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन को शहर के रेलवे स्टेशन से कनेक्टिविटी दी जाएगी। इसके लिए इंदौर स्टेशन रीडेवलपमेंट प्लान में जरूरी प्रावधान किए गए हैं। मेट्रो कंपनी ने रेलवे अफसरों को बता दिया है कि रीगल के पास रानी सराय की जमीन पर लगभग 150 मीटर लंबाई में अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन का निर्माण किया जाएगा।**

यह स्टेशन रीगल टॉकिज की जमीन के ठीक सामने है। दोनों स्टेशनों को जोड़ने के लिए भूमिगत रास्ता बनाना होगा। इसके लिए मेट्रो कंपनी और पश्चिम रेलवे को समन्वय कर काम करना होगा। सूत्रों ने बताया कि अभी केवल लोकेशन बताई गई है। अगले साल तक दोनों प्रोजेक्ट पर जब मैदानी काम होगा, तो स्थिति और स्पष्ट हो जाएगी। रेलवे स्टेशन से मेट्रो की कनेक्टिविटी होने से सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र का कंजेशन भी कम होगा। जिन यात्रियों को ट्रेनों या बसों में बैठना है, वे मेट्रो से आ सकेंगे और जिन यात्रियों को ट्रेनों या बसों से उतरकर शहर के दूसरे हिस्सों में जाना हैं, वे भीतर ही भीतर रेलवे स्टेशन से मेट्रो स्टेशन तक जा सकेंगे। इस तरह पूर्वी और पश्चिमी, दोनों इलाकों से रेलवे स्टेशन और सरवटे बस स्टैंड की कनेक्टिविटी हो जाएगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | अग्निबाण | इंदौर | 11.07.2023 | 02 | 60 हजार स्काउरे फीट जमीन अन्डरग्राउन्ड मेट्रो के लिए इंदौर हाई कोर्ट देगा | Neutral |

अग्निबाण Page No. 2 Jul 11, 2023 INDORE

चीफ जस्टिस के समक्ष एमडी मनीष सिंह ने दिया प्रेजेंटेशन, बाउण्ड्रीवॉल भी टूटेगी, अस्थायी जमीन का कब्जा मेट्रो रेल कार्पोरेशन अनुबंध के जरिए करेगा हासिल

# 60 हजार स्क्वेयर फीट जमीन अंडरग्राउंड मेट्रो के लिए इंदौर हाईकोर्ट देगा

इंदौर।

**मेट्रो प्रोजेक्ट में चल रही ढिलाई पर जहां कल एमडी मनीष सिंह ने बैठक लेकर कड़ी फटकार लगाई, वहीं दूसरी तरफ इंदौर हाईकोर्ट पहुंचकर उन्होंने चीफ जस्टिस को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए प्रेजेंटेशन भी दिया। दरअसल इंदौर मेट्रो में अंडरग्राउंड, जो साढ़े 4 किलोमीटर का कॉरिडोर बनना है, वह एमजी रोड पर ट्रेजर आईलैंड मॉल के पास से शुरू होगा और इसके लिए इंदौर हाईकोर्ट के पोर्च में स्थित लगभग 60 हजार स्क्वेयर फीट जमीन अस्थायी रूप से हासिल की जाएगी। चीफ जस्टिस इस प्रेजेंटेशन से संतुष्ट नजर आए और इंदौर हाईकोर्ट के एडमिनिस्ट्रेटिव जस्टिस सहित अन्य ने भी इस प्रेजेंटेशन को देखने के बाद सहमति जताई। अब जल्द ही मेट्रो रेल कार्पोरेशन और हाईकोर्ट के बीच अनुबंध होगा, जिसके जरिए अस्थायी रूप से इस जमीन का कब्जा मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए लिया जाएगा। हालांकि हाईकोर्ट परिसर के अंदर खुदाई का काम सालभर बाद शुरू होगा, क्योंकि तब तक का समय टेंडरिंग सहित अन्य प्रक्रिया में लगेगा।**

इंदौर मेट्रो का साढ़े 32 किलोमीटर कॉरिडोर एयरपोर्ट से गांधी नगर, सुपर कॉरिडोर, एमआर-10 होते हुए विजय नगर, रेडिसन, रोबोट चौराहा और वहां से पलासिया होते हुए एमजी रोड तक एलिवेटेड रहेगा। साढ़े 27 किलोमीटर इंदौर मेट्रो एलिवेटेड रहेगी, जबकि मध्य क्षेत्र में साढ़े 4 किलोमीटर का हिस्सा अंडरग्राउंड रहेगा, जो कि एमजी रोड टीआई मॉल से शुरू होकर राजवाड़ा, बड़ा गणपति होते हुए एयरपोर्ट तक जाएगा। कल अचानक इंदौर आए मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने पहले तो मेट्रो से जुड़े कंसल्टेंट, डायरेक्टर और अन्य अधिकारियों की बैठक ली और काम में आ रही ढिलाई पर फटकार लगाई और दो दिन तक अनावश्यक काम बंद रखने पर भी कड़ी आपत्ति ली। सिंह के मुताबिक पटरियों के काम में तेजी लाने, श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के साथ ही सितम्बर में होने वाले ट्रायल रन को समयसीमा में ही किया जाएगा। 10 दिन बाद वे फिर समीक्षा बैठक कर मैदानी निरीक्षण भी करेंगे, वहीं सिंह ने इंदौर हाईकोर्ट पहुंचकर अंडरग्राउंड मेट्रो का प्रेजेंटेशन भी दिया, जिसमें वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए जबलपुर में मौजूद चीफ जस्टिस भी शामिल हुए। इंदौर हाईकोर्ट के भी जस्टिस और प्रिंसिपल रजिस्ट्रार भी मौजूद रहे। दरअसल मेट्रो कार्पोरेशन को इंदौर हाईकोर्ट के पोर्च गार्डन की लगभग 60 हजार स्क्वेयर फीट जमीन की आवश्यकता पड़ेगी, जहां पर विशाल गड्ढा खुदेगा और मशीनें वहीं से अंदर खुदाई के लिए जाएंगी और फिर अंदर ही अंदर टनल में खुदाई होते हुए मशीन दूसरे छोर पर एयरपोर्ट की तरफ निकलेगी। इसके लिए हाईकोर्ट की बाउण्ड्रीवॉल भी तोड़ना पड़ेगी, साथ ही गार्डन सहित अन्य निर्माण भी हटेंगे, जिन्हें वापस उसी स्थिति में मेट्रो रेल कार्पोरेशन बनाकर हाईकोर्ट को सौंपेगा। लगभग सालभर बाद यहां पर काम शुरू होगा, क्योंकि तब तक एलिवटेड कॉरिडोर का निर्माण पलासिया तक होना है और अंडरग्राउंड की टेंडरिंग सहित अन्य प्रक्रिया भी अभी बाकी है। हाईकोर्ट और मेट्रो कार्पोरेशन के बीच बकायदा अनुबंध होगा और अस्थायी रूप से ये 60 हजार स्क्वेयर फीट जमीन कार्पोरेशन को मिलेगी और काम पूरा होने के बाद जमीन वापस हाईकोर्ट को लौटा दी जाएगी और बाउण्ड्रीवॉल सहित अन्य निर्माण भी रेल कार्पोरेशन करके देगा। कम से कम एक से डेढ़ साल का समय इस अंडरग्राउंड कॉरिडोर को पूरा करने में लगेगा। एमडी द्वारा दिए गए प्रेजेंटेशन से चीफ जस्टिस सहित इंदौर हाईकोर्ट के एडमिनिस्ट्रेटिव जस्टिस और प्रिंसिपल रजिस्ट्रार भी संतुष्ट नजर आए, वहीं इंदौर और भोपाल में चल रहे मेट्रो की प्रगति की समीक्षा भी एमडी मनीष सिंह द्वारा निरंतर की जा रही है। दरअसल सितम्बर माह में ही इंदौर मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर के साढ़े 5 किलोमीटर के हिस्से में ट्रायल रन लिया जाना है। भोपाल में अब तक 1715 मैट्रिक टन पटरियां प्राप्त हो गई हैं और वाया डक्ट पर लगभग 2 किलोमीटर में बिछाई जा चुकी हैं, वहीं इंदौर में अब तक 2105 मैट्रिक टन पटरियां प्राप्त हो गई हैं और लगभग 3 किलोमीटर वाया डक्ट के साथ एक किलोमीटर लम्बाई में डिपो में भी पटरियां बिछाई जा चुकी हैं। एलएनटी भोपाल और आईएससी टैक्समाको, जो कि इंदौर के ट्रैक कॉन्ट्रैक्टर हैं, उन्हें भी मोबाइल पर निर्देश दिए गए कि बारिश में काम नहीं रूकना चाहिए और उसके लिए आवश्यक अस्थायी इंतजाम किए जाएं, ताकि पटरी वेल्डिंग का काम बाधित न हो, वहीं इंदौर मेट्रो में वाया डक्ट पर प्लिंथ बीम के कार्य को दिन में अनावश्यक बंद रखने के चलते जनरल कंसल्टेंट के परियोजना निदेशक साइमन फौरी और उपपरियोजना निदेशक परशुराम व महाप्रबंधक इंदौर के खिलाफ कड़ी आपत्ति भी जाहिर की।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | प्रजाततं | इंदौर | 17.07.2023 | 02 | ट्रीटेड सीवरेज़ वाटर से बन रहा 17 किमी का मेट्रो ट्रैक | Neutral |


प्रजातंत्र

सोमवार, 17 जुलाई 2023


# ट्रीटेड सीवरेज वाटर से बन रहा 17 किमी का मेट्रो ट्रैक

- अब तक गार्डन और ग्रीन बेल्ट की हरियाली के लिए होता था उपयोग
- निगम से रोज खरीदा जा रहा चार लाख लीटर ट्रीटेड पानी

**शैलेन्द्र वर्मा** | इंदौर

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन और इंदौर नगर निगम ने मिलकर एक बड़ी मिसाल कायम की है। दरअसल रोबोट चौराहे से लेकर गांधीनगर तक मेट्रो के 17.5 किलोमीटर ट्रैक निर्माण कार्य में नगर निगम द्वारा स्थापित सीवरेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के ट्रीटेड पानी का उपयोग किया जा रहा है। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने ट्रैक निर्माण का काम रेल विकास निगम लिमिटेड और दिलीप बिल्डकॉन को सौंपा है और दोनों ही कंपनियां इंदौर नगर निगम से प्रतिदिन 4 लाख लीटर ट्रीटेड पानी खरीद रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पानी के इस रीयूज को देश के अन्य शहरों के लिए मिसाल बताया है।

नगर निगम जल कार्यसमिति प्रभारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि मेट्रो रेल निर्माण एजेंसियों द्वारा ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित जल की डिमांड की जा रही है। रेल विकास निगम लिमिटेड 17 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो के स्टेशन और ट्रैक बना रही है। वहीं दिलीप बिल्डकॉन द्वारा 5 किलोमीटर का ट्रैक बनाया जा रहा है। निगम टैंकरों के माध्यम से कंस्ट्रक्शन साइट पर 1 रुपए 40 पैसे प्रति 1000 लीटर की दर से पानी भेजा जा रहा है। औसतन प्रतिदिन 400000 लीटर पानी की डिमांड रहती है।



## ट्रीटेड वाटर की बढ़ रही डिमांड

यह डिमांड आने वाले समय में और अधिक बढ़ने वाली है। गर्डर डालने के बाद अब स्टेशन की वॉल का काम शुरु किया जाएगा। इसके अलावा मेट्रो ट्रेन के लिए गांधीनगर के पास डिपो बनाया जा रहा है। इसमें कंट्रोल भवन सहित अन्य इमारतें बन रही हैं। यहां भी नगर निगम ट्रीटेड वाटर पहुंचा रहा है। बता दें कि नगर निगम ने नि:शुल्क उपचारित पानी देने के लिए शहर के 80 स्थानों पर हाइड्रेंट बनाए हैं। यहां से नागरिक बिना किसी शुल्क के उपचारित पानी ले सकते हैं। नगर निगम खेती के लिए भी यह पानी किसानों तक पाइप लाइन डालकर पहुंचाएगा।

> देशभर के शहर जिस पानी को बेकार और फालतू समझकर बर्बाद कर रहे हैं, इंदौर नगर निगम उसी सीवरेज वाटर को ट्रीट कर निर्माण और शहर का ग्रीन कवर बढ़ाने में उपयोग कर रहा है। मेट्रो ट्रेन के ट्रैक निर्माण में ट्रीटेड पानी का उपयोग होना गौरव की बात है। सीवरेज पानी के रियूज पर ही इंदौर को वाटर प्लस अवॉर्ड भी मिला है। यह एक मिसाल है, इससे ग्राउंड वाटर बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। इंदौर नवाचारों शहर बन गया है। जल्द ही आम नागरिक भी एक फोन पर ट्रीटेड वाटर का टैंकर मंगा सकेंगे ऐसी व्यवस्था की जा रही है।
>
> **- पुष्यमित्र भार्गव, महापौर**

MPMETRO

**METRO NEWS**

**19 JULY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 19.07.2023 | J2 | एडीबी टीम ने अफसरों से पूछा-किसी के रोजगार पर असर होगा तो वैकल्पिक व्यवस्था क्या होगी | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 19-07-2023 Pg-J2

### एडीबी टीम ने अफसरों से पूछा- किसी के रोजगार पर असर होगा तो वैकल्पिक व्यवस्था क्या होगी

# एमजी रोड पर मेट्रो अंडरग्राउंड ट्रैक के लिए निजी संपत्तियों का सर्वे शुरू, यहां बनना हैं सात स्टेशन

भास्कर संवाददाता | इंदौर

एमजी रोड पर 8.9 किलोमीटर में मेट्रो का अंडरग्राउंड ट्रैक बनेगा। इस हिस्से में आने वाली निजी संपत्ति का सर्वे शुरू हो गया है। मंगलवार को एशियन डेवलपमेंट बैंक की दो सदस्यीय टीम ने इस रूट का दौरा किया। सुबह 11 बजे एमजी रोड पर टीआई मॉल के सामने पहुंचे। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारियों से अलाइनमेंट के बारे में पूछा। इसके बाद कहा कि विस्थापितों के लिए आपके पास क्या प्लानिंग है। यदि किसी के रोजगार पर असर होगा तो उसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्या होगी?



टीम के सदस्यों ने एमजी रोड पर टीआई मॉल से कालानी नगर तक निरीक्षण किया।

### मुआवजा सरकारी गाइडलाइन के हिसाब से

कॉरपोरेशन के जीएम अजय कुमार ने नए अलाइनमेंट और प्रस्तावित स्टेशन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस रूट पर 7 स्टेशन आएंगे। वे बोले कि हमारी कोशिश है कि इनके लिए सरकारी जमीन का ही इस्तेमाल किया जाए। किसी की निजी संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हो। टीम ने टीआई मॉल से कालानी नगर तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जब पान व चाय की गुमटियां नजर आईं तो कहा यदि इनके बिजनेस पर असर हुआ तो हमें आमदनी शुरू करने में दूसरी सहायता करना होगी। आपके पास क्या प्लानिंग है? इस पर अधिकारी बोले कि हम सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट करवा रहे हैं। इसके लिए एजेंसी ने काम शुरू कर दिया है। पूरी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। यदि किसी की भी निजी संपत्ति को नुकसान होता है तो हम सरकारी गाइडलाइन के अनुसार उसका मुआवजा भी देंगे।

**34.5** किमी का एलिवेटेड और अंडरग्राउंड ट्रैक तैयार करना है पहले चरण में

**17.5** किमी के हिस्से में काम चल रहा फिलहाल

**5.9** किमी में सितंबर 2023 में ट्रायल रन होगा

### बारिश के कारण काम की रफ्तार धीमी हुई

सुपर कॉरिडोर पर मेट्रो के 5.9 किमी के रूट पर सितंबर में ट्रायल रन होना है। उधर, बारिश के कारण काम की रफ्तार धीमी हो गई है। इस हिस्से में सुपर कॉरिडोर से बापट चौराहा, विजय नगर, रेडिसन, रोबोट चौराहा तक का काम चल रहा है। इसके बाद कनाड़िया से पलासिया तक का काम किया जाएगा। कॉरपोरेशन ने इसके लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। इसके बाद टीआई मॉल से ट्रैक अंडरग्राउंड होगा और कालानी नगर से ट्रैक एलिवेटेड होगा।

### फिलहाल 2800 लोगों की टीम काम कर रही

फिलहाल कास्टिंग यार्ड सहित रोबोट चौराहा तक के रूट पर 2800 श्रमिकों से काम करवाया जा रहा है। टीम से कहा गया है कि यदि दिन में पानी आता है तो रात में काम किया जाए।

MPMETRO

**METRO NEWS**

**20th JULY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | पत्रिका | इंदौर | 20.07.2023 | 4 | 8.6 किमी अन्डरग्राउन्ड ट्रैक पर खर्च होंगे करीब 1500 करोड़ | Neutral |

पत्रिका

#MetroTrain

**रोबोट चौराहे से पलासिया तक के ट्रैक के टेंडर का फैसला 3 अगस्त के बाद**

# 8.6 किमी अंडर ग्राउंड ट्रैक पर खर्च होंगे करीब 1500 करोड़

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** मेट्रो ट्रैक के दूसरे व तीसरे चरण के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। रोबोट चौराहे से पलासिया तक का ट्रैक दूसरे चरण में बनना है। इसके लिए 500 करोड़ का टेंडर हुआ है। इसमें कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने रुचि ली है। 3 अगस्त टेंडर की अंतिम तारीख है। तीसरे चरण में 8.6 किमी लंबा अंडर ग्राउंड ट्रेक बनाया जाएगा, जिस पर करीब 1500 करोड़ रुपए खर्च होने हैं।



**500** करोड़ का टेंडर दूसरे चरण के लिए जारी हुआ है।

**03** अगस्त टेंडर की अंतिम तारीख है, जिसके बाद एजेंसी का फैसला होगा।

**04** महीने में पूरा करना है गांधी नगर से रोबोट चौराहे तक का ट्रैक

## आपत्ति के बाद बदलाव

अंडर ग्राउंड ट्रैक पर आपत्ति सुनने के बाद मेट्रो कंपनी ने टेंडर की ओर रुख किया है। पहले राजबाड़ा के नीचे से अंडर ग्राउंड ट्रैक बनना था, लेकिन लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन की आपत्ति के बाद इसे बदला गया। अब पुलिस कंट्रोल रूम से एयरपोर्ट तक यह ट्रैक रहेगा।

सुझाव देना चाहते हैं तो क्यूआर कोड स्कैन करें

## अफसरों ने देखा रूट

अधिकारियों के मुताबिक, अंडर ग्राउंड ट्रैक के लिए एशियन विकास बैंक से लोन प्रक्रिया चल रही है। बैंक के दो प्रतिनिधियों ने यहां रूट देखा और बुधवार को भोपाल में बैठक की है। अभी गांधीनगर से रोबोट चौराहे तक के ट्रैक का काम चल रहा है, इसे चार महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। गांधीनगर से छह किमी के हिस्से में पटरी सितंबर तक बिछाने का लक्ष्य है।

Date: 20/07/2023, Edition: Indore City, Page: 4
Source : https://epaper.patrika.com/

MPMETRO

METRO NEWS

21st JULY ,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | पत्रिका | इंदौर | 21.07.2023 | 2 | मेट्रो रेल्वे स्टेशन को सब-वे से जोड़ेंगे, 28 स्टेशन पर होंगे एस्कलैटर व लिफ्ट | Neutral |

पत्रिका

### #MetroTrain: सोलर ऊर्जा से स्टेशन रोशन करने के अलग होंगे टेंडर

# मेट्रो-रेलवे स्टेशन को सब-वे से जोड़ेंगे, 28 स्टेशन पर होंगे एस्केलेटर व लिफ्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इंदौर.** मेट्रो रूट के लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से लोन पास होने के बाद अंडर ग्राउंड रूट के लिए टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। पूरे रूट पर 28 मेट्रो स्टेशन रहेंगे। रीगल तिराहा पर पुलिस कंट्रोल रूम के पास स्टेशन बनेगा, जिसे सब-वे के जरिए मुख्य रेलवे स्टेशन व पार्क रोड रेलवे स्टेशन से जोड़ा जाएगा। सभी स्टेशन को सोलर ऊर्जा से रोशन करने के लिए अलग से टेंडर जारी किए जाएंगे।

एडीबी की टीम के दौरा करने के बाद अब आगे के रूट की तैयारी में तेजी आ गई है। अभी जो रूट बन रहा है, उसके काम की निगरानी के साथ ही अगले दो चरण के लिए टेंडर पर जोर है। रोबोट चौराहे से पलासिया तक के रूट के लिए कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने रुचि दिखाई है। एमजी रोड से एयरपोर्ट रोड तक बनने वाले 8.6 किलोमीटर लंबे अंडर ग्राउंड रूट के लिए भी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां जानकारी लेने




लगी हैं। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारी टेंडर दस्तावेज को अंतिम रूप दे रहे हैं।

क्यूआर कोड स्कैन कर राय दें।

## सात स्टेशन की डिजाइन फाइनल

अंडर ग्राउंड रूट पर 7 स्टेशन की डिजाइन फाइनल कर दी गई है। ये स्टेशन रीगल तिराहा, नगर निगम, छोटा गणपति चौराहा, बड़ा गणपति चौराहा, रामचंद्र नगर, कालानी नगर और एयरपोर्ट पर होंगे। यहां मल्टीलेवल पार्किंग के लिए सर्वे शुरू कर दिया है।

## पहले 35 स्टेशन बनने पर हुई थी बात

मेट्रो रूट पर पहले करीब 35 स्टेशन बनने की बात थी। अब 28 स्टेशन बनना हैं। रोबोट चौराहे से पलासिया तक 5 और एमजी रोड से एरोड्रम तक 7 स्टेशन तय हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, सब-वे बनाकर दोनों रेलवे स्टेशन से मेट्रो स्टेशन को जोड़ा जाएगा। यहां एस्केलेटर के साथ लिफ्ट एवं सीढ़ियां भी होंगी। स्टेशन की सारी सुविधाएं सौर ऊर्जा से चलेंगी।

Date: 21/07/2023, Edition: Indore City, Page: 2
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | Free Press | Indore | 20.07.2023 | 3 | Track laying work for Metro trial run nearly complete | Neutral |


# INDORE CITY

www.freepressjournal.in INDORE | FRIDAY | JULY 21, 2023


## Track laying work for Metro trial run nearly complete


OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in


The Indore Metro plans to lay down 960 metres of track for the trial run that is likely to take place in August, and so far, 760 metres of the track has been laid down. The remaining 200 metres of tracks would be completed soon, officials said. Meanwhile, the Metro cars being manufactured by Alstom company will also be reaching the city soon, added officials. Indore Metro's Priority Corridor is expected to be completed and opened in August 2024. Phase 1 is expected to be completed in 2027.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 25.07.2023 | 5 | चुनाव से पहले शहरवासियों को मिलेंगी की बड़ी सौगातें | Neutral |

पीपुल्स समाचार

इंदौर सिटी Page: 5 July 25, 2023



## चुनाव से पहले शहरवासियों को मिलेंगी कई बड़ी सौगातें

# नायता मुंडला बस स्टैंड, स्वीमिंग पूल मेट्रो ट्रेन का ट्रॉयल रन भी होगा

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9926064287

विधानसभा चुनाव से पहले शहर के बाशिंदों को कई बड़ी सौगातें मिलने जा रही हैं। नायता मुंडला में बस स्टैंड, राजेंद्र नगर में लता मंगेशकर ऑडिटोरियम, पीपल्याहाना और विश्रामबाग में स्वीमिंग पूल का उद्घाटन होने के साथ ही मेट्रो ट्रेन का ट्रॉयल रन भी सुपर कॉरिडोर पर शुरू हो जाएगा। मेट्रो को छोड़ सभी विकास कार्य 99 फीसदी पूरे हो चुके हैं। सीएम से उद्घाटन का समय मांगा है।

**मेट्रो का 99 फीसदी काम हुए पूरे**



1- इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जयपालसिह चावड़ा ने बताया कि नायता मुंडला में 15 करोड़ की लागत से बस स्टैंड तैयार किया गया है। यहां से होशंगाबाद, इटारसी रूट पर 600 बसें संचालित होंगी। अन्य बस स्टैंडों पर यात्री दबाव कम करने में यह कारगर साबित होगा।



2- राजेन्द्र नगर में स्वर कोकिला लता मंगेशकर की याद में ऑडिटोरियम (लागत 22 करोड़) का निर्माण पूर्णता की ओर है। इसके शुरू होने से सांस्कृतिक कार्यक्रमों को गति मिलेगी। लंबे समय से इस क्षेत्र में ऑडिटोरियम की मांग उठ रही थी।



3- पूर्वी क्षेत्र में कई सालों से स्वीमिग पूल का अभाव था। तैराकों को नेहरू पार्क, तरण पुष्कर की मदद लेना पड़ती थी। पीपल्याहाना में 28 करोड़ की लागत से अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिग पूल तैयार किया गया है। इसी प्रकार, विश्रामबाग में भी अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिग पूल का काम अंतिम दौर में चल रहा है।



4- निगम के बहुप्रतीक्षित मेट्रो ट्रेन के प्रथम फेज का काम अंतिम चरण में है। यहां अगले सप्ताह पटरियां बिछाने के साथ तीन डिब्बों की ट्रेन ट्रायल के तौर पर चलाई जाएगी। यह ट्रायल रन सुपर कॉरिडोर पर साढ़े पांच किलोमीटर का होगा।

**MPMETRO**

**METRO NEWS**

**27th JULY ,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 27.07.2023 | 2 | भास्कर मे पहली बार देखें मेट्रो यार्ड पर बिछी पटरियाँ, ट्रायल मे 59 दिन शेष | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 27-07-2023 Pg-02

# इंदौर फ्रंट पेज

दैनिक भास्कर इंदौर, गुरुवार 27 जुलाई, 2023 | 02



फोटो | ओपी सोनी

## भास्कर में पहली बार देखें मेट्रो के यार्ड पर बिछी पटरियां, ट्रायल में 59 दिन शेष...

इंदौर | 23 सितंबर को गांधीनगर से लेकर सुपर कॉरिडोर तक मेट्रो का ट्रायल होगा। 5.9 किमी के हिस्से में पटरियां बिछाने का काम लगभग पूरा हो गया है। गांधीनगर में 75 एकड़ के यार्ड में पटरियां बिछ गई हैं। इसी ट्रैक से मेट्रो मेंटेनेंस के लिए डिपो में जाएगी।

**16** मेट्रो स्टेशन के पियर आर्म कास्टिंग का 76% काम हुआ

**90** फीसदी हुआ गांधी नगर डिपो के स्टेब्लिंग शेड का काम

**58** फीसदी गांधी नगर डिपो के रैंप का हो चुका है।

**03** किमी से ज्यादा पटरियां बिछाई जा चुकी हैं

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | नई दुनिया | इंदौर | 27.07.2023 | 2 | मेट्रो ट्रायल रन की उलटी गिनती शुरू, 50 दिन मे बचा काम पूरा करना बड़ी चुनौती | Neutral |

# मेट्रो ट्रायल रन की उलटी गिनती शुरू, 50 दिन में बचा काम पूरा करना बड़ी चुनौती

उदय प्रताप सिंह • इंदौर

मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन द्वारा इंदौर मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर में करने का लक्ष्य है। ट्रायल रन की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है और अब इसमें 50 दिन शेष हैं। वर्षा से मेट्रो का निर्माण कार्य गति नहीं पकड़ पा रहा है, ऐसे में तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करना काफी चुनौतीपूर्ण नजर आ रहा है। गांधीनगर डिपो से सुपर कारिडोर तक 5.9 किलोमीटर के जिस हिस्से पर ट्रायल रन होना है। वहां के स्टेशन का स्ट्रक्चर ही अभी तैयार हो पाया है। अभी स्टेशन पर शेड बनाने के लिए प्री फेब्रिकेटेड बिल्डिंग मटेरियल आना बाकी है। मेट्रो के अधिकारी अगले कुछ दिनों में इसके आने के बाद शेड का निर्माण शुरू होने का दावा कर कर रहे हैं। मेट्रो ट्रायल रन वाले 5.9 किमी हिस्से में से अभी 800 मीटर में पटरियां के बिछाने का कार्य शेष है। वर्षा के कारण पटरियों की वेल्डिंग भी ठीक से नहीं हो पा रही। ट्रायल रन के ट्रैक पर सिग्नल लगाने का काम होना है। मेट्रो डिपो में जिस रैंप से चढ़कर ट्रैन वायडक्ट पर पहुंचेगी। उसका सिविल वर्क कार्य हो चुका है। अब उस पर टर्न आउट लगाने का काम किया जा रहा है।

गांधीनगर डिपो में मेट्रो का प्रशासनिक भवन तैयार किया जा रहा है। इसके स्ट्रक्चर का कार्य 85 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है। इस भवन में फ्लोरिंग व लाइटिंग का काम होना बाकी है। डिपो में कंट्रोल रूम भी तैयार किया जा रहा है। यहां से मेट्रो ट्रेन की मानीटरिंग व संचालन का कार्य किया जाएगा।

**58** प्रतिशत पूरा हो चुका है गांधीनगर डिपो का रैम्प

**85** प्रतिशत पूरा डिपो में प्रशासनिक भवन का निर्माण

**80** प्रतिशत पूरा हुआ मेट्रो निर्माण में उपयोग होने वाले सामग्री के लोडिंग व अनलोडिंग का कार्य

**76** प्रतिशत पूरा हआ 16 मेट्रो स्टेशन का पियर आर्म कास्टिंग कार्य

**90** प्रतिशत तक पूरा हुआ गांधी नगर डिपो में स्टेब्लिंग शेड का कार्य



गांधीनगर से सुपर कारिडोर के बीच मेट्रो का ट्रायल रन पूरा करने के लिए इस ट्रैक को सितंबर तक तैयार करना है। • नईदुनिया

## तय समय पर प्लेटफार्म तैयार करना मुश्किल

मेट्रो के ट्रायल रन के निर्धारित रूट पर पांच स्टेशन तैयार किए जाएंगे। इसमें वर्तमान में पांचों प्लेटफार्म पर फ्लोरिंग का काम होना बाकी है। अभी प्लेटफार्म पर प्रवेश व निकास मार्ग के सीमेंट कांक्रीट स्ट्रक्चर को तैयार किया जा रहा है। प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए सीढ़ियां बनने का काम भी अभी तक पूर्ण नहीं हो सका। मेट्रो के प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए लगने वाली लिफ्ट आ चुकी है। इसके इंस्टालेशन का कार्य पूर्ण होना बाकी है।

## निरीक्षण यार्ड में दो लेन का ट्रेक हुआ तैयार

गांधी नगर डिपो में स्टेब्लिंग शेड में पटरियां बिछा दी गई हैं और वहां पर क्रास ओवर पटरियों को बिछाया जा रहा है ताकि एक ट्रेक से दूसरे रेल ट्रेक पर मेट्रो ट्रेन को लाया जा सके। मेट्रो के निरीक्षण यार्ड में दो लेन के ट्रेक पर 1.2 मीटर ऊंचाई वोले स्टील के पिलर लगा दिए गए है। इस यार्ड में चार लेन का ट्रेक बनाने की योजना है।

तीन कोच की ट्रेन इंदौर में अगस्त के शुरुआती पखवाड़े में आने की संभावना है। हमारी कोशिश है कि सितंबर में तय समय के आसपास इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन किया जा सके। पटरी बिछाने व सिग्नल लगने और डिपो में जहां ट्रेन खड़ी होगी उस हिस्से के तैयार होने पर हम मेट्रो का ट्रायल कर सकेंगे। –**मनीष सिंह**, एमडी मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 28 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 27.07.2023 | 5 | मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन मे 88 पद पर हो रही भर्ती | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 27-07-2023

Pg-05

# मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में 88 पद पर हो रही भर्ती

इंदौर| मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने सुपरवाइजर, मेंटेनर, अकाउंट्स सहित 88 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार 31 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इनमें पर्यवेक्षक (संचालन) के 26 पद, पर्यवेक्षक (सिग्नलिंग एवं टेलीकॉम/रोलिंग स्टॉक) के 7 पद, अनुरक्षक (सिग्नलिंग एवं टेलीकॉम/रोलिंग स्टॉक) के 10 पद, पर्यवेक्षक (ट्रैक्शन/ई एंड एम) के 8 पद, एचआर (सहायक मानव संसाधन) के 2 पद, अकाउंट (सहायक वित्त) के 2 पद हैं। आयु सीमा 18 से 28 वर्ष है। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट mpmetrorail.com पर किए जा सकते हैं।

MPMETRO

METRO NEWS

28th JULY ,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | Free Press | Indore | 28.07.2023 | 2 | Indore Metro stations start taking shape | Neutral |

INDORE CITY

www.freepressjournal.in INDORE | FRIDAY | JULY 28, 2023

Pg - 02

# Indore Metro stations start taking shape

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

Stations of the Indore Metro on the MR 10 road and Super Corridor are fast taking shape and their structures are clearly visible.

Station formation can be clearly seen at Meghdoot Garden where the arms of the station have been formed and other work is going on. Similarly, at Bapat Square too structure construction is under progress.

The Metro Station near Bohra Colony has its full shape and the full structure of the station is now visible.

On the priority corridor which is majorly between Gandhi Nagar Depot and Radisson Square 16 metro stations have been planned and according to officials that the 76 percent of the pier arm concreting (concourse level) work has been completed for all the 16 metro stations.



Metro Station at Super Corridor-5

While ramp work of metro depot at Gandhi Nagar is 58 per cent complete, work of the admin building is at 85 per cent complete. Also, 80 per cent work of loading-unloading bay has also been completed.